तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 24 सितंबर 2024


12 उत्कृष्ट कार्य के लिए सरपंच-सचिव सम्मानित



10 संडे मतलब इलाज बंद, सरकारी अस्पतालों ...





## खबर संक्षेप

### बिजली की आंख मिचौनी ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

**गुरूर।** इन दिनों बिजली की आंख मिचौनी से नगरवासी परेशान हैं। बिजली बंद होने के कारण नगरवासियो को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



विधायक संगीता सिन्हा ने इसे प्रदेश सरकार का कुप्रबंधन करार दिया है। संगीता सिन्हा ने कहा कि प्रदेश में सरप्लस बिजली है, उसके बाद भी बिजली कटौती किया जाना सरकार के कुप्रबंधन का नतीजा है, ग्रामीणो ने कहा वर्तमान मे बारिश का मौसम होने के बाद भी लोगो को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, इस उमस भरीं गर्मी के मौसम में बिजली विभाग द्वारा किसी भी समय लाईन बंद कर दी जाती है। बरसात के मौसम में सांप, बिच्छु का डर भी बना रहता है, ऐसे में बिजली बंद होने से जहरीले जीव जंतुओं का डर बना रहता है।

### साल्हेभाट में अखंड रामधुनी प्रतियोगिता 26 व 27 को

**गुरूर।** ग्राम साल्हेभाट में दो दिवसीय भव्य संगीतमय अखंड रामधुनी स्पर्धा का आयोजन 26 एवं 27 सितंबर को ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। अध्यक्ष तुलसीराम नेताम, कोषाध्यक्ष रामेश्वर लाल ध्रुव, सचिव ओमप्रकाश कटेंद्र व उपाध्यक्ष तिजऊ राम नेताम ने बताया कि रामधुनी प्रतियोगिता के आयोजन का यह 77वां वर्ष है, जो लगातार प्रत्येक वर्ष किया जा रहा है।

### कोहंगाटोला में संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता 26 से

**गुरूर।** ग्राम कोहंगाटोला में नवज्योति नवयुवक मंडल द्वारा दो दिवसीय संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 27 सितंबर तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय 2501, तृतीय 2001, चतुर्थ 1501, पंचम 1301, षष्ठम 1101 तथा सप्तम पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है।

### ग्राम बोहारा में संगीतमय रामधुनी स्पर्धा आज से

**गुरूर।** ग्राम बोहारा में मातृ नवमी के अवसर पर 24 से 26 सितंबर तक तीन दिवसीय भव्य संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। शुभारंभ समारोह की मुख्य अतिथि संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा होंगी। साथ ही सभापति जिला पंचायत बालोद केदार नाथ देवांगन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तामेश्वर साहू, जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू, संजय प्रकाश चौधरी, टोमन लाल साहू, तीर्थशंकर सोनबेर, जितेश साहू, मिलन राम साहू, रेणुका साहू विशेष रूप से शामिल होंगे।


### नयापारा बालोद में रामधुनी स्पर्धा 26 से

**बालोद।** महामाया रंगमंच नयापारा बालोद में दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 26 एवं 27 सितंबर को किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन 26 सितंबर को प्रातः 10:30 बजे मुख्य अतिथि दुष्यंत लाले शर्मा करेंगे, कार्यक्रम की अध्यक्षता जितेन्द्र सोनबोईर करेंगे। विशेष अतिथि पार्षद वार्ड क्रमांक 03 रीछेद मोहन कलिहारी, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी बालोद डॉ डीके सिहारे, नारायण सोनबेर, कुमुद लाल सोलवंशी, शत्रुघन लाल साहू, होरी लाल होंगे। समापन समारोह 27 सितंबर को रात्रि 8 बजे होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् बालोद विकास चोपड़ा रहेंगे। अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष राष्ट्रीय बाल संरक्षक आयोग यशवंत जैन करेंगे। विशेष अतिथि पार्षद वार्ड क्रमांक 02 नगर पालिका परिषद् बालोद कमलेश सोनी, उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद् बालोद अनिल यादव, अध्यक्ष साहू संघ बालोद मदन सोनबरसा, पूर्व पार्षद वार्ड क्रमांक 04 बालोद भोलू महाराज उपस्थित रहेंगे।

# आंधी-बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता, खेतों में ही गिर गए धान के पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

रविवार को दोपहर आंधी तूफान के साथ हुई झमाझम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। दरअसल तेज बारिश के कारण कई स्थानों पर खेतों में लहलहाती खड़ी हरूना धान के पौधे गिर गए। पौधों के खेतों में गिर जाने के कारण उनमें कीड़े लगने और खराब होने की आशंका बढ़ गई है, क्योंकि खेतो में पानी भरा हुआ है। वहीं, मौसम के भी लगातार परिवर्तन का असर फसलों में पड़ने से फसल चौपट होने की संभावना है। आपको बता दें कि जिले में कहीं खराब हो चुके कीटनाशक दवाओं के छिड़काव से फसल बर्बाद हो रही है, तो कहीं प्राकृतिक आपदा से फसल बर्बाद होने की स्थिति में है। ऐसे में प्रभावित किसान सम्बंधित विभाग से फसल नुकसान का आंकलन कर मुआवजा दिलाने की उम्मीद लगाए हुए हैं।





## आंधी के कारण गिरे पेड़



**बालोद/कलंगपुर।** लगातार दो दिनों से कलंगपुर सहित आस पास के ग्राम अचौद, फुण्डा, बोरगहन, पेन्डरी, खलारी, मुन्देरा, भटगांव, डोंगीतराई व जोरातराई में तेज आंधी व बारिश से खेतों में पेड़ गिरने से फसल को नुकसान पहुंचा। रविवार को दिन भर तेज धूप व उमस के बाद शाम लगभग 5:30 बजे मौसम में अचानक बदलाव आया। तेज आंधी, तूफान और गर्जना के बीच हुई बारिश के कारण खेतों एवं मुख्य मार्ग पर स्थित कई पेड़ गिर गए। इसी दौरान ग्राम अचौद के भाठापारा बस्ती जाने वाले मार्ग पर बबूल का पेड़ बिजली तार पर गिर गया। इसके कारण बिजली का तार टूट कर पेड़ सहित जमीन पर गिर गया। घटना के समय बिजली तार पर विद्युत प्रवाह पहले से बंद था, जिसके कारण किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई। साथ ही हरुना किस्म के धान की फसल में बालियां आ चुकी हैं, जो कि तेज आंधी तूफान व बारिश से बहुत से खेतों की धान की बालियां नीचे गिर कर पानी में डूब गई हैं।

मांग : मध्यान्ह भोजन बनाने वाले समूहों ने सप्ताहभर पूर्व दिया था अल्टीमेटम

# दो माह से नहीं मिली राशि, कर्ज से लदे समूहों ने खींचे हाथ, स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिम्मेदारों की लापरवाही का नतीजा आखिर बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। जिले के शासकीय स्कूलों में सोमवार से स्कूली बच्चों को मध्यान्ह भोजन मिलना बंद हो गया है। मध्यान्ह भोजन बनाने वाले संचालकों ने एक सप्ताह पूर्व ही अपनी बकाया राशि के भुगतान करने की मांग की थी। इसके साथ ही 22 सितंबर तक राशि नहीं मिल पाने पर 23 सितंबर से मध्यान्ह भोजन का संचालन बंद करने की चेतावनी दी थी। लेकिन, जिम्मेदारों ने ध्यान नहीं दिया और मध्यान्ह भोजन संचालकों को उनकी राशि नहीं मिली। इस स्थिति में कर्ज में डूबे मध्यान्ह भोजन संचालकों ने सोमवार से अपने हाथ खींच लिए और मध्यान्ह भोजन संचालन बंद कर दिया है।

- विभागीय अधिकारियों ने कहा- शासनस्तर से राशि आने पर ही किया जा सकेगा भुगतान

मध्यान्ह भोजन संचालन करने वाले समूहों का कहना ▶▶ शेष पेज 11 पर

## संचालकों की दो टूक- जब तक राशि नहीं, तब तक संचालन नहीं




## जब तक राशि नहीं, तब तक भोजन नहीं

**डोंडी।** सोमवार को डोंडी ब्लॉक मध्यान्ह भोजन संचालन संघ की ब्लॉक स्तरीय बैठक मंडी प्रांगण में रखी गई। बैठक के दौरान ब्लॉक के समस्त संचालन समूह ने निर्णय लिया कि आज से जब तक दो माह की पूरी राशि नहीं मिल जाती, तब तक बालोद जिले के समस्त ब्लॉकों में मध्यान्ह भोजन संचालन बंद रहेगा। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि दो महीने से राशि नहीं मिलने से हमें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ राशि नहीं मिलने से हलकान हैं, तो दूसरी ओर बढ़ती महंगाई ने कमर तोड़ दी है। वहीं, संचालन समूह कर्ज के बोझ से दब गए हैं और योजना के आगे संचालन के लिए व्यापारी सामान देने को तैयार नहीं हैं। ऐसी स्थिति में मध्यान्ह भोजन का संचालन करना संभव नहीं है। बैठक के बाद संघ के पदाधिकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिलने के कारण कार्यालय के लिपिक को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान विमला बाई जिला सहसचिव कमलेश्वरी नायक जिला कोषाध्यक्ष आशा आर्य संरक्षक रोहित माहला और समस्त संचालक समूह के अध्यक्ष, सचिव और सदस्य उपस्थित थे।

- डोंडी ब्लॉक मध्यान्ह भोजन संचालन संघ की बैठक में लिया गया निर्णय

### संचालनकर्ताओं ने स्कूलों में जाकर बंद कराया मध्याह्न भोजन

सोमवार को जिले के मध्याह्न भोजन संचालनकर्ताओं ने जिले के जिन स्कूलों में मध्याह्न भोजन बनाया जा रहा था, उन्हें जाकर बंद कराया। दरअसल ग्रामीण व अंदरूनी क्षेत्रें में स्थित शासकीय स्कूलों के संचालकों को इसकी जानकारी नहीं थी, जिसके कारण कई स्कूलों में मध्याह्न भोजन बनाया जा रहा था। मध्याह्न भोजन संचालनकर्ताओं ने बताया कि मंगलवार से यानि कि आज से जिले के सभी स्कूलों में मध्याह्न भोजन बनना बंद हो जाएगा।

### वैकल्पिक व्यवस्था के दिए निर्देश

इस मामले में शिक्षा विभाग के डीईओ पिसी मरकले से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने फोन काट दिया। वहीं, जिला मध्याह्न भोजन प्रभारी रवि यादव ने कहा कि वैकल्पिक व्यवस्था के लिए निर्देशित किया गया है।

# प्रतिमा विसर्जन के दौरान तेज आवाज में बजाया डीजे, 21-21 हजार जुर्माना






हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

प्रशासन के निर्देश के बाद भी श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर कोलाहल अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। दो डीजे संचालक, वाहन चालक स्वामी को न्यायालय के द्वारा 21–21 हजार(42 हजार) का जुर्माना किया गया।

कोलाहल अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध उच्च न्यायालय बिलासपुर की गाइडलाईन के अनुसार पालन करने के लिए निर्देशित करने पर थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविशकर पाण्डये की टीम डी.आर. भांडेकर और धरम भुआर्य ने 17 एवं 21 सितंबर को पीकप वाहन क्रमांक सीजी 04 एमपी 8418 एवं सीजी 08 एजे. 5079 में डीजे साऊड सिस्टम को माउंट् कर अधिक आवाज में बालोद शहर में डीजे. बजाने की सूचना मिली। इस पर मौके पर पहुंची बालोद पुलिस ने डी.जे.बजाने वाले ग्राम आमापारा बालोद निवासी संतु ठाकुर पिता बिसम्भर 25 साल, वाहन चालक ओमप्रकाश पिता छगन लाल 42 साल व मालिक ग्राम दैहान थाना, जिला बालोद निवासी डुलेश्वर बुन्देले पिता छगन लाल 38 साल एवं डी.जे संचालक आदित्य कामड़े पिता रोशन उम्र 32 साल, सम्मी कामडे पिता रोषन उम्र 30 साल व वाहन मालिक कोमल पिता छबिल राम उम्र 45 साल सभी साकिन बजरंगपुर नवागांव थाना चिखली जिला राजनांदगांव के विरूद्ध थाना बालोद में पृथक पृथक कोलाहल अधिनियम की धारा 3, 5, 15 व मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 194(1)(क) के तहत कार्रवाई की गई। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया था, न्यायालय द्वारा 21–21 हजार रूपये (कुल42 हजार) का जुर्माना किया गया है।

- बालोद पुलिस ने की कार्रवाई

# हुच्चेटोला में महिला कमांडो ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

महिला कमांडो द्वारा वर्ष 2006 से नशामुक्ति एवं स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के अंतिम छोर पर बसे वनांचल ग्राम हुच्चेटोला की महिला कमांडो ने रविवार को ग्राम के सार्वजनिक स्थानों तालाब, गलियों की साफ सफाई करते हुए घर-घर जाकर स्वच्छता का पूरा ध्यान रखने का समझाईश दे रही हैं।

इस अवसर पर पद्मश्री शमशाद बेगम ने स्वयं ग्राम में पहुंच कर स्वच्छ मन से स्वच्छता को अपननाने, गंदगी ना करने और ना ही लोगों को करने देने की शपथ दिलाई। यह एक आदिवासी बाहुल्य ग्राम है। पर यहां के लोगो मे गजब का उत्साह देखने को मिलता है। महिला कमांडो अनसूइया बाई बताती हैं कि हमारे गांव में कलेक्टर आए थे, जिससे हमारे मन में बहुत खुशी हुई और



आगे बढ़ने की इच्छा जागृत हुई। तरुण लता ने कहा कि हम अपने गांव की साफ सफाई करेंगे तथा गांव वालों को कचरा नहीं फैलाने की बात कहेंगे। इस अवसर पर महिला कमांडो चंपा, सुल्ताना, जागेश्वरी, लता पटेल, संगीता बाई, चमेली, सोंनारिन, उमेश्वरी, रमेशिया, सगरी, जयंती के साथ ही जनपद पंचायत के कर्मचारी जीवन लाल देहारी डीईओ, अजय कुमार एडीईओ, ललित देशमुख उपसरपंच विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## बालोद में प्लेसमेंट कैंप आज

**बालोद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद में निजी क्षेत्रों में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए 24 सितंबर को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कैंप का आयोजन सुबह 11 बजे से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत सिक्यूरिटी गार्ड (केवल पुरूष) के 200 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसी तरह सिक्यूरिटी सुपरवाईजर पुरूष के 50, महिला सिक्यूरिटी गार्ड के 20 पदों पर भर्ती की जाएगी। वहीं, लेबर के 300 पदों पर भर्ती की जाएगी। उक्त पदों का कार्यक्षेत्र रायपुर, दुर्ग, भिलाई एवं राजनांदगांव निर्धारित किया गया है। इसी तरह राजनांदगांव की निजी कंपनी द्वारा कस्टमर सपोर्ट एसोसिएट के 400 पदों पर भर्ती की जाएगी। इसी तरह बायोप्लानटेक लिमिटेड द्वारा एचआर सेल्स एक्सिक्यूटिव तथा एग्रीकल्चर ऑफिसर की भर्ती की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपनी शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की मूल एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होना होगा।

# फर्जी तरीके से राशि आहरण की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

सेवा सहकारी समिति गब्दी में एक बुजुर्ग अस्वस्थ महिला दसरी बाई के खाते से नौ हजार रूपये की राशि को फर्जी तरीके से निकालने की शिकायत महिला के परिजनों ने अर्जुन्दा थाने में की है। समिति में अन्य कई और खाता धारकों के खातों में भी हेराफेरी की चर्चा है। वर्तमान में दसरी बाई के परिजनों ने ही थाने में शिकायत दर्ज कराई है, भविष्य में और भी मामले सामने आने की संभावना व्यक्त की जा रही है। प्रार्थी द्वारा की गई शिकायत के अनुसार जिले के अर्जुन्दा थाना अंतर्गत स्थित सेवा सहकारी समिति गब्दी में बचत खाता धारक दसरी बाई सिन्हा के खाता से 31 अगस्त 2023 को नौ हजार रूपये का आहरण विड्राल के माध्यम से किया गया है। दसरी बाई के पोते झमेन्द्र कुमार सिन्हा ने अर्जुन्दा थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई कि 31 अगस्त 2023 को मेरी दादी की अनुपस्थिति में फर्जी अंगूठा लगाकर नौ हजार रूपये का आहरण कर लिया गया है, जबकि उस दौरान मेरी दादी पूरी तरह अस्वस्थ थीं। झमेन्द्र का कहना है कि मेरी दादी के अस्वस्थता के दौरान किसी प्रकार का कोई विड्राल में अंगूठा नहीं लगाया है। उन्होंने कहा कि मेरे घर में किसी भी सदस्य को भी इस आहरण के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। विड्राल फार्म में मेरी दादी के कथित अंगूठे के दौरान उसमें परिवार के किसी व्यक्ति के हस्ताक्षर नहीं है।

- सेवा सहकारी समिति गब्दी का मामला



### विड्राल के समस्त कागजात हैं : प्रबंधक

मामले में समिति प्रबंधक जेपी देशमुख ने कहा विड्राल के समस्त कागजात हैं। दसरी बाई के परिवार के सदस्य ने ही आकर राशि का आहरण किया है। मामले में मैं अर्जुन्दा थाना जाकर अपना बयान दर्ज करा चुका हूं।

जिला मुख्यालय स्थित शासकीय अस्पताल में नहीं मिल पा रही सुविधा

# ये कैसा मातृ-शिशु अस्पताल? यहां एक भी स्त्रीरोग विशेषज्ञ नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला मुख्यालय स्थित मातृ शिशु अस्पताल में एक भी स्त्रीरोग विशेषज्ञ नहीं है। बीते करीब 8 महीने से निजी अस्पताल के स्त्रीरोग विशेषज्ञ यहां सेवा दे रहे हैं, लेकिन गर्भवती महिलाओं को जिस प्रकार से लाभ मिलना चाहिए, वैसा यहां के अस्पताल में नहीं मिल रहा है। आपात स्थिति में गर्भवती महिलाओं को अन्यत्र भेज दिया जाता है। इस समस्या पर विधायक संगीता सिन्हा ने विधानसभा में भी आवाज उठाई थी, स्वास्थ्य मंत्री से कई बार चर्चा की जा चुकी है, लेकिन जिले की गर्भवती महिलाओं को आज भी आपात स्थिति में जीवन और मौत के बीच संघर्ष करते हुए भटकना पड़ रहा है। भले ही स्वास्थ्य विभाग दावा कर रहा है कि निजी अस्पताल के स्त्रीरोग विशेषज्ञ यहां सेवा दे रहे हैं, लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि गर्भवती महिलाओं का ऑपरेशन से प्रसव यहां नहीं हो रहा है और उन्हें आनन फानन में दूसरे अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है। शिशु अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा प्रसव कराने आने वाली गर्भवती महिलाओं को ऐसे समय में रेफर किया जाता है, जब स्थिति काफी गम्भीर हो जाती है और जच्चा-बच्चा की जान पर बन आती है। अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार करीब 8 माह पहले स्त्रीरोग विशेषज्ञ यहां थे, लेकिन वे यहां से चले गए। इसका मुख्य कारण यह है कि स्त्रीरोग विशेषज्ञ को वेतन कम मिल रहा था। जबकि शासन स्तर से उन्हें एक लाख रुपए मासिक वेतन जबकि अस्पताल प्रबंधन द्वारा कलेक्टर दर से एक लाख रुपए यानि कि कुल दो लाख रुपए मासिक वेतन देने की ▶▶ शेष पेज 11 पर

- बीते 8 माह से निजी अस्पताल के स्त्रीरोग विशेषज्ञ से ली जा रही सेवाएं




### विधायक संगीता ने विस में उठाया था मुद्दा

हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा ने बीते कुछ महीने पहले ही विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री से स्त्रीरोग विशेषज्ञ और निश्चेतना विशेषज्ञ की नियुक्ति करने मांग की थी। इस पर विभागीय मंत्री ने कुछ ही दिनों में दोनों ही रिक्त पदों पर विशेषज्ञों की नियुक्ति करने की बात कही थी, लेकिन आज तक किसी भी विशेषज्ञ की नियुक्ति नहीं हुई है।

### प्रसव समस्या अब भी बरकरार

स्त्रीरोग विशेषज्ञ और निश्चेतना विशेषज्ञ की नियुक्ति यहां नहीं हुई है। अगर इनकी नियुक्ति होती है तो गर्भवती महिलाओं को प्रसव कराने चाहे वह नार्मल हो या ऑपरेशन से दोनों ही प्रसव जिला मुख्यालय के मातृ शिशु अस्पताल में आसानी से हो जाएगी। लेकिन जिला बने 12 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी समस्या आज भी जस की तस है। जिलेवासियों को निजी अस्पतालों व दूसरे जिले के अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

### गंभीर समस्या को लेकर हरिभूमि ने कई बार उठाया मामला

आपको बता दें कि जिले के एक मात्र मातृ शिशु अस्पताल में स्त्रीरोग विशेषज्ञ और निश्चेतना विशेषज्ञ पद रिक्त होने से जिले की गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, इसके साथ ही उन्हें निजी अस्पतालों व पड़ोसी जिलों पर निर्भर रहना पड़ता है, जहां अधिक रुपये खर्च कर प्रसव कराने ▶▶ शेष पेज 11 पर

## सभी शासकीय कार्यालयों में आज की जाएगी सफाई

**बालोद।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत 24 सितम्बर को जिले के सभी शासकीय कार्यालयों, सामुदायिक स्थलों एवं लक्षित इकाईयों की जन सहभागिता से साफ–सफाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 के अंतर्गत 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक निरंतर स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। स्वच्छता ही सेवा अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता संबंधी कार्यों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके अंतर्गत मंगलवार 24 सितम्बर को जिले के सभी शासकीय कार्यालयों, सामुदायिक स्थलों एवं लक्षित इकाईयों की जन सहभागिता से साफ–सफाई सुनिश्चित की जा रही है।


पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

# चीफ जस्टिस बोले- 'सीजर की पत्नी' की तरह सभी संदेहों से ऊपर रहें न्यायाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

न्यू सर्किट हाउस में को रायपुर संभाग के जिले रायपुर, धमतरी, बलौदाबाजार एवं महासमुंद के न्यायिक अधिकारियों का डिवीजनल सेमिनार रखा गया। छग राज्य न्यायिक अकादमी के तत्वाधान में इसका आयोजन हुआ।

■ रेप पीड़िताओं को गर्भ समापन के लिए आना पड़ रहा उच्च न्यायालय, यह चिंतनीय विषय

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने अपने उद्बोधन में न्यायिक कार्य के महत्व व चुनौती के बारे में बताते हुए कहा कि न केवल हाईकोर्ट बल्कि जिला न्यायपालिका में विविध प्रकार के समसामयिक महत्व के विवाद आते रहते हैं जो न्यायाधीशगण को न्याय प्रशासन में अपना अवदान देने व स्वयं को साबित करने का अवसर होते हैं। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों को उनके कर्तव्य की महत्ता को याद दिलाते हुए कहा कि न्यायाधीश उन कुछ भाग्यशाली लोगों में हैं जिन्हें लोगों को न्याय प्रदान करने का अवसर प्राप्त होता है।

न्यायिक सेवा अन्य सामान्य शासकीय सेवा की तरह नहीं हैं बल्कि न्यायाधीशगण लोक विश्वास का पद धारित करते हैं। न्यायिक व्यवस्था की विश्वसनीयता न्यायाधीश का पद धारित करने वाले व्यक्तियों पर निर्भर है। इसलिए न्यायाधीश को सीजर की पत्नी की तरह सभी संदेहों से ऊपर होना चाहिए।

### साधारण व्यक्ति को रहती है निष्पक्ष व त्वरित न्याय की उम्मीद

साधारण व्यक्ति की न्यायपालिका से क्या अपेक्षाएं हैं, इस संबंध में बात करते हुए कहा कि एक साधारण व्यक्ति न्यायपालिका से निष्पक्ष व त्वरित न्याय की उम्मीद करता है और इसके लिए न्यायाधीश को अपने कर्तव्यों का निर्वहन सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता, ईमानदारी व प्रतिबद्धता के साथ करना चाहिए। माननीय मुख्य न्यायाधीश ने समय के साथ विधि के क्षेत्र में आने वाले बदलाव पर भी ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फारेंसिक साइंस आदि के संबंध में न्यायाधीशगणों को अद्यतन रहने को कहा।




■ रायपुर, धमतरी, बलौदाबाजार एवं महासमुंद जिले के 111 न्यायाधीश हुए शामिल

■ न्यायिक अधिकारियों का डिवीजनल सेमिनार

### सिविल लॉ सहित कई विषयों पर दी गई प्रस्तुति

उन्होंने बलात्कार पीड़िता के गर्भ समापन को एक जटिल व संवेदनशील विषय बताया और कहा कि जिन मामलों में न्यायालय की अनुमति की आवश्यकता नहीं है, उन मामलों में भी रेप पीड़िताओं को गर्भ समापन के लिए उच्च न्यायालय आना पड़ रहा है, जबकि चिकित्सकीय गर्भ समापन अधिनियम में बलात्कार पीड़िताओं के संबंध में विधि के प्रावधान स्पष्ट हैं। उच्च न्यायालय के न्यायधीश प्रतीम साहू, प्रधान जिला न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी, छत्तीसगढ़ ज्यूडिशियल एकेडमी के डायरेक्टर सिराजुद्दीन कुरैशी डायरेक्टर सहित रायपुर, धमतरी, बलौदाबाजार एवं महासमुंद जिले के 111 न्यायाधीशगण प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुए। इस सेमिनार में पीसीपीएनडीटी अधिनियम, गर्भ का चिकित्सकीय समापन अधिनियम, सिविल लॉ, फारेंसिक साइस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि विषयों पर प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुति दी गई।

## खबर संक्षेप



### 'मोदी है तो संभव है' पुस्तक का विमोचन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार रात रायपुर स्थित निवास कार्यालय में सुप्रसिद्ध साहित्यकार, गीतकार रामेश्वर दास वैष्णव द्वारा रचित पुस्तक 'मोदी है तो संभव है' का विमोचन किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के प्रेस ऑफिसर आलोक सिंह, सुप्रसिद्ध रंगकर्मी अनिल शर्मा, लेखक विजय मिश्रा 'अमित', सतीश शर्मा, योगेश मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, हेमंत शर्मा उपस्थित रहे।

### कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष के लिए नामांकन दाखिल



रायपुर। अजीत मढ़रिया ने कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष पद के लिए सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ नरदहा कुर्मी भवन पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। श्री मढ़रिया पूर्व में भी तीन वर्षों तक कुर्मी युवा केंद्रीय अध्यक्ष पद पर सफलतापूर्वक कार्य का अनुभव रखते हैं और अत्यंत मिलनसार व्यक्ति माने जाते हैं।

### अभिनव वाचक स्पर्धा प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र



रायपुर। मध्यप्रदेश मराठी अकादमी इंदौर की ओर से महाराष्ट्र मंडल रायपुर में रविवार को अभिनव वाचक स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें रायपुर से अनेक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। स्पर्धा में शामिल सभी प्रतिभागियों को महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने मध्यप्रदेश मराठी अकादमी इंदौर की ओर से अभिनव वाचक स्पर्धा-2024 प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान किया। इस मौके पर मंडल के अध्यक्ष श्री काले ने बताया कि वरिष्ठ साहित्यकार कल्पना शुद्धबैशाख की स्मृति में आयोजित इस स्पर्धा में सभी प्रतिभागियों को परीक्षा के कुछ समय पहले एक पुस्तक दी गई थी। इसमें लंदन की एक आजी (दादी) की कहानी थी। स्पर्धा में पूछे गए सभी सवाल इस पुस्तक पर ही आधारित थे। महाराष्ट्र मंडल साहित्य समिति की प्रमुख कुमुद लाड ने बताया कि इस बार स्पर्धा में अभय भागवतकर, विलास साखरे, श्रुति डोनगांवकर, प्रिया बक्षी सहित कई परीक्षार्थी शामिल हुए।

### चुनावों की तैयारी, आप ने बदले कई जिलाध्यक्ष 114 नई नियुक्तियां

रायपुर। आम आदमी पार्टी ने नगरीय निकाय चुनावों की तैयारियां तेज कर दी हैं। पार्टी ने रविवार को एक साथ 114 नई नियुक्तियां की हैं। लंबे समय से निष्क्रिय कई जिलाध्यक्षों को बदला गया है। लोकसभा चुनाव के ठीक पहले आम आदमी पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने भाजपा ज्वॉइन कर ली थी। उनके साथ ही कई अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद से ही कई पद रिक्त थे। अब पार्टी ने प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। पार्टी ने अपने आधिकारिक बयान में कहा है कि प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने के उद्देश्य से यह विस्तार किया गया है। प्रदेशाध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से पार्टी के दिल्ली मुख्यालय में प्रदेश कार्यकारिणी विस्तार पर मंथन हो रहा था।

## हेल्थ सेंटरों के डॉक्टर करते हैं ऑन कॉल ड्यूटी, चिकित्सकीय स्टाफ के भरोसे इमरजेंसी

# संडे मतलब इलाज बंद, सरकारी अस्पतालों में जांच तो दूर, जरूरी दवा मिलनी भी मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रविवार को ओपीडी बंद, यानी स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों की जांच तो दूर, उन्हें सर्दी-बुखार की दवा मिलनी भी मुश्किल है। इमरजेंसी सेवाओं के नाम पर यहां के डॉक्टर ऑन कॉल ड्यूटी करते हैं और अस्पताल चिकित्सकीय स्टाफ के भरोसे संचालित होता है।

सरकारी अस्पतालों में अवकाश को छोड़कर सामान्य दिनों में ओपीडी की व्यवस्था होती है, जिसमें आने वाले मरीजों की समस्या के अनुसार उनकी जांच और आवश्यक दवा तथा इलाज उपलब्ध कराया जाता है। छुट्टी के दिन सारे शासकीय हेल्थ सेंटर इमरजेंसी मोड पर रहते हैं और आने वाले सामान्य मरीजों को किसी तरह की जांच तो दूर, सर्दी-खांसी, बुखार जैसी सामान्य बीमारियों की दवा मिलनी भी मुश्किल होती है। किसी तरह के हादसे के शिकार होकर अथवा प्रसव जैसी आपात स्थिति में आने पर उन्हें उपचार की सुविधा मिल सकती है, मगर बुखार जैसी सामान्य समस्या होने पर उन्हें निजी डॉक्टरों के पास जाकर इलाज कराने अथवा ओपीडी में आने की सलाह इन स्वास्थ्य केंद्रों से मिलती है।

आंबेडकर और जिला अस्पताल को छोड़कर हमर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में तैनात चिकित्सक ऑन काल ड्यूटी पर रहते हैं। किसी तरह की बड़ी घटना होने पर उनके अस्पताल पहुंचने का दावा होता है, नहीं तो वहां मौजूद नर्सिंग सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ स्वास्थ्य केंद्रों में भर्ती और इमरजेंसी में आने वाले मरीजों के देखभाल तथा इलाज की जिम्मेदारी उठाते हैं। हरिभूमि टीम रविवार को राजधानी के हेल्थ संेटरों की व्यवस्था का हाल जानने निकली।







### गुढ़ियारी का हमर अस्पताल

दोपहर करीब डेढ़ बजे गुढ़ियारी के हमर अस्पताल परिसर में भर्ती मरीजों के बच्चे खेलते मिले। अस्पताल में कुछ नर्सिंग स्टाफ सक्रिय दिखे, मगर दवा काउंटर बंद था। हमर अस्पताल में मौजूद मरीजों के अंटेंडरों ने बताया कि सुबह आने वाले डॉक्टर जानकारी लेने के बाद चिकित्सकीय स्टाफ को कुछ बताकर गए हैं। दोपहर तक यहां इमरजेंसी जैसी स्थिति में कोई केस नहीं आया था, कुछ लोग दवा की पर्ची लेकर अस्पताल पहुंचे थे, जिन्हें सोमवार को आने की सलाह दी गई थी।




### राजातालाब हमर अस्पताल

दोपहर करीब 1 बजे हमर अस्पताल में कुछ नर्सिंग स्टाफ, फार्मासिस्ट मौजूद थे। उन्होंने बताया कि डॉक्टर सुबह राउंड पर आए थे और प्रसव के लिए भर्ती मरीजों की स्थिति के अनुसार सलाह देकर गए हैं, वे ऑन कॉल ड्यूटी पर हैं। यहां इमरजेंसी की स्थिति में डॉग बाइट, प्रसव अथवा किसी हादसे में चोटिल होने वाले लोग आते हैं, जिन्हें उपचार दिया जाता है। अतिगंभीर स्थिति वालों को जिला अथवा आंबेडकर अस्पताल जाने की सलाह दी जाती है।

### आंबेडकर अस्पताल में दोपहर बाद भीड़

सुबह के वक्त आंबेडकर अस्पताल में मरीजों की संख्या कम थी, मगर दिन चढ़ने के साथ इमरजेंसी विभाग में मरीजों का आना शुरू हो गया। इनमें कई दूसरे अस्पतालों से रेफर थे तो कुछ एमएलसी केस थे। इमरजेंसी विभाग में दोपहर बाद गहमागहमी जैसी स्थिति थी। वहां तैनात आपात चिकित्सा अधिकारी के साथ यूनिट के पीजी डॉक्टर मरीजों के इलाज में जुटे थे, मगर सामान्य मरीजों के लिए यहां भी जांच और दवा की सुविधा नहीं थी।

### दो डॉक्टरों के जिम्मे जिला अस्पताल

रविवार को दोपहर ढाई बजे जिला अस्पताल सुनसान था। वहां वार्डों के हिसाब से चिकित्सकीय स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई थी और इमरजेंसी में एक महिला तथा दूसरे पुरुष चिकित्सक की ड्यूटी लगाई गई थी। अस्पताल सूत्रों ने बताया कि रोस्टर के आधार पर दो-दो चिकित्सक इमरजेंसी यूनिट में ड्यूटी पर हैं। जिला अस्पताल में आपात स्थिति वाले मरीज तो नहीं पहुंचे, मगर मुलाहिजा संबंधी मामले लेकर कुछ थाने के जवान जरूर पहुंचे। सामान्य तरीके का इलाज और दवा काउंटर यहां भी बंद थे, जिसकी वजह से ओपीडी कक्ष की तरफ का ताला बंद था।

## भारत का राष्ट्रीय कैलेंडर कौन सा?

# व्यापम ने पूछा- 'फूल फूलै रिंगी-चिंगी, फर फरे लमडोरा' का अर्थ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ 2424 अभ्यर्थियों के लिए रायपुर और बिलासपुर में आयोजित की गई वन रक्षक भर्ती परीक्षा

■ लंबे समय पर व्यापम की किसी परीक्षा में उपस्थिति पहुंची 95%

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को वन रक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। इसके लिए सिर्फ रायपुर और बिलासपुर में परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा के लिए 2424 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से 95 प्रतिशत अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल रहे।

लंबे समय बाद यह स्थिति बनी जब व्यापम की किसी परीक्षा में उपस्थित रहने वाले कैंडिडेट्स 90 प्रतिशत से अधिक रहे हो। रायपुर में इस परीक्षा के लिए मान तीन केंद्र शांति नगर कन्या शाला, लालपुर शासकीय विद्यालय तथा डब्ल्यूएसआर विद्यालय में बनाए गए थे। रायपुर में 1274 कैंडिडेट्स के लिए केंद्र बनाए गए थे। व्यापम ने फूल फूलै रिंगी चिंगी, फर फरे लमडोरा का अर्थ अभ्यर्थियों से पूछा। इसके अलावा भारत का राष्ट्रीय कैलेंडर क्या है, यह भी परीक्षार्थियों से जाना। इसके चार विकल्प हिंदू कैलेंडर, शक कैलेंडर, जॉर्जिया कैलेंडर और चैत्र कैलेंडर दिए गए। छत्तीसगढ़ भाषा के उद्भव, मेघदूत का छत्तीसगढ़ी अनुवाद करने वाले लेखक का नाम, राजगीत की पंक्तियां, विनोद कुमार शुक्ल की रचनाएं जैसे सवाल भी प्रश्नपत्र का हिस्सा रहे।

### बदराटोला, पेरिस ओलंपिक से जुड़े सवाल

सामान्य ज्ञान के अंतर्गत बदराटोला, मुरूम सिल्ली बांध, जंगल सत्याग्रह, नियद नेल्लानार योजना, असहयोग आंदोलन, चंपारण सत्याग्रह संबंधित सवाल भी पूछे गए। पेरिस ओलंपिक में प्राप्त मेडल की संख्या और खिलाड़ी आधारित प्रश्न भी व्यापम ने पूछे। समुद्रगुप्त के दक्षिणापथ पर आक्रमण के दौरान मार्ग, सुखद सहारा योजना, कल्चूरी शासक का कालक्रम जैसे कई सवाल अपेक्षाकृत कठिन रहे।

### गणित के सवाल कठिन

परीक्षा में व्यापम ने कुल 100 सवाल पूछे। छत्तीसगढ़ी भाषा सहित प्रदेश के सामान्य ज्ञान पर आधारित जो सवाल पूछे गए वे आसान रहे, लेकिन गणित के सवाल अपेक्षाकृत कठिन रहे। इन सवालों में सर्वाधिक समय लगा। इसके अलावा विज्ञान विषय के सवाल भी जटिल रहे। अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए प्रत्येक जिलें में परीक्षा लेने के स्थान पर राजधानी के अलावा सिर्फ बिलासपुर में ही सेंटर बनाया गया। नकल प्रकरण अथवा इस तरह की कोई स्थिति निर्मित नहीं हुई।

# मतदाता परिचयपत्र बनाने का काम शुरू, 150 अधिकारियों को ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिसंबर में होने वाले नगर निगम चुनाव के लिए राजधानी की वोटर लिस्ट बनाने का काम शुरू होने जा रहा है। इसके लिए 150 अधिकारियों को नगर निगम में प्रशिक्षण दिया गया।

गांधी सदन मुख्यालय भवन में अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल ने उपायुक्त राजस्व विवेकानंद दुबे, सभी जोन कमिश्नर, सहायक अभियंताओं, उप अभियंता, नगर निवेश विभाग के सहायक अभियंता, उप अभियंता, राजस्व अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारियों व राजस्व निरीक्षक तथा सहायक राजस्व निरीक्षकों को निर्वाचक नामावली तैयार करने प्रशिक्षण दिया। अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल ने प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को इस कार्य की बारीकियों से अवगत कराया। विदित हो, कि निर्वाचक नामावली कार्यक्रम के अनुसार 16 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन और दावा-आपत्ति के निराकरण के बाद 22 नवंबर इसका अंतिम प्रकाशन किया जाना है। प्रशिक्षण के दौरान तहसीलदार कार्यालय रायपुर के निर्वाचन विभाग से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



■ गांधी सदन में अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल ने दिया प्रशिक्षण

*ठगी का नया हथियार एक्सटार्शन : लोगों को डराकर ठगी करने सेक्सटार्शन के बाद जालसाजों ने एक्सटार्शन को नया हथियार बनाया है। ठगी के इस नए पैंतरे में जालसाज लोगों को कॉल कर उनके नाम से ईडी में मनी लांड्रिंग तथा अन्य तरह के गंभीर अपराध में मामला दर्ज होने का झांसा दे रहे हैं। झांसा देने वाले जालसाज ऐसे लोगों के उनके अकाउंट की डिटेल निकालकर जांच करने का झांसा देकर अकाउंट खाली कर रहे हैं।*

# सेक्सटार्शन, शेयर ट्रेडिंग के बाद अब ऑनलाइन एक्सटार्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन जालसाज ठगी करने सॉफ्ट टार्गेट की तलाश में रहते हैं। इसके लिए जालसाज कई तरह के पैंतरे आजमा रहे हैं। शेयर ट्रेडिंग, गूगल रीव्यू के नाम पर झांसा देकर ठगी करने की घटनाएं लगातार सामने आने के बाद जालसाज अब मनी लांड्रिंग तथा अन्य किस्म के अपराध दर्ज होने का भय दिखाकर लोगों के साथ ठगी कर रहे हैं। राखी थाना क्षेत्र में एक सप्ताह के भीतर एक्सटार्शन के दो ऐसे ही मामलों में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

रेंज साइबर पुलिस के के मुताबिक, ऑनलाइन ठगी करने वाले हर तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। जालसाज इंस्टाग्राम तथा मैसेंजर के माध्यम से लोगों को ठगने शेयर ट्रेडिंग का ग्रुप बनाकर मैसेज भेजकर शिकार बना रहे हैं। शेयर ट्रेडिंग के नाम से ठगी के शिकार ज्यादातर शिक्षित तथा संपन्न वर्ग के लोग हैं।

## राखी थाना क्षेत्र में ईडी, क्राइम ब्रांच का भय दिखाकर ठगी

### केस 1 — भ्रष्टाचार, मनी लांड्रिंग का झांसा

राखी थाने में छत्तीसगढ़ पीएससी में बतौर सेक्शन ऑफिसर पदस्थ महिला अधिकारी को अज्ञात व्यक्ति ने कॉल कर अपने आपको दिल्ली क्राइम ब्रांच का अफसर बताकर ठगी की है। जालसाज ने महिला को कॉल कर कहा कि ईडी ने एक मनी लांड्रिंग का केस दर्ज किया है, जिसमें महिला को उनके नाम शामिल होने का भय दिखाया। इसके बाद जालसाज ने पीएससी के सेक्शन ऑफिसर को उनके अकाउंट की जांच करने का झांसा देकर अकाउंट डिटेल लेकर 31 हजार रुपए की ठगी की।

### केस 2 — मानव तस्करी में फंसाने की धमकी

एक अन्य मामले में मेघालय में प्राइवेट जॉब करने वाले प्रशांत रंजन पाण्डेय के साथ ठगी की घटना सामने आई है। जालसाज ने प्रशांत को कॉल कर कहा कि उनके खिलाफ दिल्ली में मनी लांड्रिंग तथा मानव तस्करी करने का अपराध दर्ज है। दिल्ली क्राइम ब्रांच की टीम उसे तथा उसके बेटे को गिरफ्तार करेगी। जालसाज ने प्रशांत को कार्रवाई में सहयोग करने एक लाख रुपए का चेक लेने के साथ अकाउंट की जांच करने के नाम पर अकाउंट डिटेल हासिल कर छह लाख 35 हजार रुपए की ठगी की।

### इंटरमीडिएट की पढ़ाई करने वाले लगा रहे चूना

पुलिस के अनुसार, ठगी करने के आरोप में जितने जालसाज पकड़े जा रहे हैं, उनमें ज्यादातर इंटरमीडिएट तक ही पढ़ाई किए हुए हैं। ऐसे ठग प्रोफेशनल अंदाज में लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं और शेयर ट्रेडिंग करने पर शुरू में लाभ देकर मोटी रकम अपने अकाउंट में जमा कराकर ठगी का शिकार बनाते हैं।

# राशन दुकानों में समस्याओं का अंबार, समाधान की मांग को लेकर 15 हजार संचालक करेंगे हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय राशन दुकानों में समस्याओं का अंबार है। कई बार आवेदन देने के बाद भी निराकरण नहीं होने से आहत 15 हजार राशन दुकान संचालकों ने अब अक्टूबर से हड़ताल पर जाने का मन बना लिया है। प्रदेश की 5 हजार राशन दुकानों में कई समस्याएं अब बड़ा रूप ले चुकी हैं। इनमें प्रदेश की सभी दुकानों को इलेक्ट्रॉनिक मशीन ट्रायल में ई-पास मशीन से राशन वितरण के लिए बाध्य किया गया।

राजधानी में इसे देखते हुए शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ ने ज्ञापन के माध्यम से विभाग को 6 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर जाने के लिए आगाह किया है। इसमें बताया गया है कि ई-पॉस मशीन की गुणवत्ता बहुत खराब है, इससे दिक्कत होती है। सुधार करने के लिए उचित व्यवस्था व इंस्ट्रूमेंट नहीं हैं। हर महीने सर्वर की समस्या से राशन वितरण प्रभावित होता है। इसमें बताया गया है कि विगत 5 माह से राशन का आवंटन में अनियमितता भी बरती जा रही है। भंडारण और वितरण की व्यवस्था प्रभावित है। इससे दुकानदार और उपभोक्ता के बीच विवाद होता रहता है। दुकानदार आर्थिक संकट से भी जूझ रहे हैं, क्योंकि समय पर बारदाना की राशि, मार्जिन राशि, ई-पॉस मार्जिन राशि, वित्तीय पोषण राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

मार्जिन राशि में 20 साल में एक रुपए की वृद्धि नहीं की गई है। इसके लिए कई बार मांग के बाद भी विचार नहीं किया गया है।




■ खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को दी जानकारी

# 500 को किरण देव बृजमोहन ने दिलाई भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा ने अपने सदस्यता अभियान में अब पहले चरण के बचे तीन दिनों में कार्यक्रमों के माध्यम से थोक में भाजपा की सदस्यता दिलाने की रणनीति बनाई है। एकात्म परिसर में रविवार को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू के नेतृत्व में 500 युवाओं ने भाजपा की सदस्यता ली।

इनको प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने सदस्यता दिलाई। सोमवार को इसी तरह का एक बड़ी कार्यक्रम साइंस कॉलेज के ऑडिटोरियम में होगा, इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश सरकार के मंत्री व विधायक इस कार्यक्रम में सर्वसमाज के प्रतिष्ठितजनों को बड़ी संख्या में भाजपा की सदस्यता दिलाएंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने सदस्यता लेने आए लोगों का भाजपा-परिवार में अभिनंदन और स्वागत करते हुए कहा, भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। 18 करोड़ सदस्यों वाली पार्टी है और इसके नेता दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नरेंद्र मोदी हैं। भाजपा वर्षभर कार्यक्रम करने वाली पार्टी है। श्री देव ने कहा, आज देश विरोधी ताकतों के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी और उसके नेता देश को एवं प्रधानमंत्री मोदी को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, आज सभी संकल्प लेते हैं कि प्रत्येक सदस्य को कम से कम 100 लोगों को भाजपा का सदस्य बनाना है। भाजपा प्रदेश मंत्री एवं प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हिंदुत्व को मजबूत करने वाली पार्टी है।



# 36 तालाबों में सिर्फ पांच में ही बना पाए घाट, अब बरसात के बाद दो मरीन ड्राइव की योजना

## बिरगांव नगर निगम ने निर्माण एजेंसी तय की, फंसा व्यवस्थापन का पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम बिरगांव की सीमा में डेढ़ लाख की आबादी के बीच 40 वार्डों में 36 तालाब हैं। इनका कायाकल्प करने में निगम के जिम्मेदारों ने पूर्व में रुचि नहीं ली। बिरगांव निगम बनने के बाद भी सरोवरों का हाल बुरा है। अभी तक निगम के जिम्मेदार सिर्फ 5 तालाबों में सीमेंटेड घाट बनाने, सौंदर्यीकरण कराने के साथ ही निस्तारी पानी को तालाब में जाने से रोक पाए हैं। वहीं दो तालाबों में एजेंसी से सौंदर्यीकरण भी शुरू नहीं करा पाए हैं, क्योंकि इनके आसपास बसे परिवारों के विस्थापन का पेंच फंसा हुआ है।

बिरगांव निगम सीमा में तालाबों की स्थिति खराब है। जिम्मेदारों ने अब ऐसे तालाबों का कायाकल्प करने का मन बनाया है, जिनमें निस्तारी पानी या तो तालाबों के आसपास बसे लोगों द्वारा छोड़ा जा रहा है या निगम की खामियों के चलते तालाबों में गंदा पानी जाने की स्थिति है। ऐसे तालाबों का सर्वे करने के बाद निगम के जिम्मेदारों ने प्रदूषण का शिकार हो रहे तालाबों के पानी को संरक्षित करने के लिए मुहिम शुरू की है। विगत 20 साल में यहां 36 में से सिर्फ 5 तालाबों का जीर्णोद्धार किया गया। इनमें से दो तालाबों को मरीन ड्राइव जैसा लुक देने बरसात का बाद एजेंसी काम शुरू करेगी। वहीं उरकुरा के तुलसी तालाब, बिरगांव के शुक्रवारी बाजार स्थित धाप तालाब और उरला का नौवा तालाब में कार्य शुरू किए गए हैं।

### प्रभावित तालाब प्राथमिकता में

सूत्रों ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुरूप पहले फेज में ऐसे तालाबों को शामिल किया है, जिनके अंदर लोगों ने कब्जा कर मकान बना लिए हैं। इसके अलावा जिन तालाबों में आसपास बसे परिवारों द्वारा घरों का गंदा पानी तालाब में छोड़ा जाता है, उन तालाबों से कब्जा हटाने की प्रक्रिया के तहत लोगों को विस्थापन देने की तैयारी है। इसके बाद तालाब की सफाई व सौंदर्यीकरण कराने के बाद उन्हें संरक्षित किया है। इनमें बिरगांव का शीतला तालाब, व्यास तालाब, अछोली, उरकुरा और सरोरा सहित 5 तालाबों में पचरी बनवाने के बाद निगम सुध नहीं ले रहा है।



### मोतीसागर तालाब कब्जा मुक्त

बिरगांव निगम ने करीब 9 महीने पहले बुधवारी बाजार के पास स्थित मोतीसागर तालाब को मरीन ड्राइव की तर्ज पर विकसित करने के लिए आसपास बसे 150 से ज्यादा परिवारों को हटाया। वहीं ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे खदान डबरी तालाब का सौंदर्यीकरण कराने की तैयारी है। तालाब के अंदर मकान बनाने वाले लोगों का सर्वे करने के बाद निगम ने उन्हें नोटिस दिया है। आरटीओ के पास स्थित तालाब से होते हुए सोम कोल्ड जाने के रास्ते पर जितने परिवार बसे हैं, उन्हें भी नोटिस जारी किया गया है। बरसात के बाद इस तालाब में काम शुरू कराने की तैयारी है।

### दो तालाब विकसित करने की तैयारी

पूर्व में किन कारणों से तालाबों का जीर्णोद्धार नहीं हो पाया, इसके बारे में बता पाना संभव नहीं है। मैंने अपने कार्यकाल में तीन तालाबों में काम शुरू कराया है। अभी दो तालाबों को मरीन ड्राइव की तर्ज पर विकसित करने की प्रक्रिया जारी है।

*- नंदलाल देवांगन, महापौर ननि बिरगांव*

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता सेनानी, खादी मजदूरों की जमीन पर कब्जा

**रायपुर।** संवतंत्रता सेनानी, खादी मजदूर बुनकरों की 11 करोड़ रुपए से ज्यादा की जमीन भू-माफिया द्वारा फर्जी तरीके से अपने नाम राजस्व रिकार्ड में चढ़ाने का आरोप लगाते हुए ग्राम सेवा समिति ने रविवार को प्रदर्शन किया। ग्राम सेवा समिति से जुड़े लोगों ने आरंग तथा महासमुंद के तीन भू-माफिया के खिलाफ जमीन कब्जाने का आरोप लगाया है। ग्राम सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला, सचिव अजय तिवारी के मुताबिक, आरंग तथा महासमुंद के भू-माफिया ने पंडरी स्थित खादी भंडार की जमीन के राजस्व रिकार्ड में कूटरचना कर उसे अपने परिजनों के नाम दर्ज करा लिया है। भू-माफिया ने 60 साल पूर्व विक्रय की जा चुकी फर्जी रजिस्ट्री से उक्त जमीन अपने परिजनों के नाम दर्ज कराया है। सेवा समिति के पदाधिकारियों ने इस पूरे फर्जीवाड़ा में राजस्व विभाग के अफसर तथा उनसे जुड़े लोगों के सांठगांठ का आरोप लगाया है।

### राजधानी में हिंदी भवन के निर्माण की मांग

**रायपुर।** हिंदी दिवस के अवसर पर वक्ता मंच द्वारा शासकीय जिला ग्रंथालय में रविवार को एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रायपुर, धमतरी, दुर्ग, राजनांदगांव, बलौदाबाजार सहित प्रदेशभर से बड़ी संख्या में साहित्यकार शामिल हुए। समारोह में प्रदेशभर के हिंदी साहित्य के सृजन में रत एवं हिंदी के प्रचार के लिए कार्यरत 100 लेखकों को हिंदी सेवा सम्मान से अलंकृत किया गया। साथ ही राजधानी रायपुर में प्रदेश स्तरीय हिंदी भवन के निर्माण की शासन से मांग की। इस मौके पर वक्ता मंच के नेतृत्व में समस्त हिंदी प्रेमियों का प्रतिनिधिमंडल अतिशीघ्र मुख्यमंत्री से भेंट कर इस मांग को आगे बढ़ाएगा।

### शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय में प्रस्तावना कार्यक्रम शुरू

**रायपुर।** शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय में गत दिनों प्रशासनिक विभाग, मूल विज्ञान और मानविकी विभाग की प्रमुख डॉ. श्वेता चौबे के नियंत्रण में प्रस्तावना कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो 1 अक्टूबर को समाप्त होगा। 21 सितंबर को इस कार्यक्रम के चौथे दिवस का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन और ईश्वर की प्रार्थना के साथ हुआ। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. श्वेता चौबे ने बताया कि इस प्रेरक कार्यक्रम का उद्देश्य एक सहायक वातावरण को बढ़ावा देना, छात्रों को आवश्यक जीवन कौशल से लैस करना और उन्हें अकादमिक और व्यक्तिगत रूप से उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना है।

## तूता के धरनास्थल पर 4 संगठनों का एक ही दिन हल्ला बोल, शिक्षक भर्ती मामले को लेकर डीएड-बीएड प्रशिक्षितों ने किया प्रदर्शन

# तूफान में उड़ा धरनास्थल का पंडाल और मचा हड़कंप, हड़ताली कर्मचारियों ने डोम में ली शरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी, सहकारी समिति के कंप्यूटर ऑपरेटर भी आंदोलन पर

राजधानी के नवा रायपुर स्थित तूता के धरनास्थल पर रविवार को आंधी-तूफान में हड़ताली कर्मचारियों का पंडाल उड़ गया। एक ही दिन 4 अलग-अलग संगठनों के प्रदर्शनकारी अपने हक की आवाज बुलंद करने धरनास्थल पर जुटे। इनमें दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी, सहकारी समिति के कंप्यूटर ऑपरेटर, शिक्षकों की भर्ती मामले को लेकर डीएड, बीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी और अनुकंपा नियुक्ति की एक सूत्रीय मांग को लेकर दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा संघ की महिलाएं धरनास्थल पर डटी रहीं। आंधी-तूफान के कारण जहां आंदोलनकारियों का पंडाल उखड़ गया।

वहीं तितर-बितर हुए आंदोलनकारियों ने डोम में शरण ली। जहां पहले से आंदोलन चल रहा था। इसके चलते डोम स्थल के भीतर भारी भीड़ हो गई और पैर रखने तक की जगह नहीं बची।



### कंप्यूटर ऑपरेटर संघ का बेमियादी आंदोलन

प्रदेशभर की सहकारी समितियों के धान उपार्जन केंद्रों में कार्यरत डाटा एंट्री ऑपरेटर 2 सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उनका कहना है, 17 सालों से वे धान उपार्जन केंद्रों में कार्यरत हैं, अब तक उनका नियमितीकरण नहीं किया है। 27 फीसदी वेतनवृद्धि का लाभ अगस्त 2023 से प्रदान करने मांग धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर कर रहे हैं।

### दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा संघ का धरना



दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा संघ द्वारा अनुकंपा नियुक्ति की एक सूत्रीय मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता में धरना दिया जा रहा है। प्रभावित परिवारजनों का कहना है कि एक अरसे से वे अनुकंपा नियुक्ति की बाट जोह रहे हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय है, ऐसी परिस्थिति में उनके प्रकरण पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर अनुकंपा नियुक्त प्रदान की जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री और पंचायत मंत्री के नाम ज्ञापन देकर अपनी भावनाओं से अवगत कराया है।

### शिक्षक भर्ती की मांग, डीएड-बीएड अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड-बीएड अभ्यर्थियों ने प्रदेश के स्कूलों में शिक्षकों के 33 हजार रिक्त पदों पर भर्ती शुरू करने की मांग और युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया निरस्त करने की मांग को लेकर धरनास्थल पर जोरदार प्रदर्शन किया। संघ के अध्यक्ष दाऊद खान सहित 5 आंदोलनकारी रविवार से आमरण अनशन पर बैठ गए। उनका कहना है कि जब तक सरकार 33 हजार शिक्षक पदों पर नोटिफिकेशन जारी नहीं करेगी, तब तक अनशन नहीं तोड़ेंगे। धरना-प्रदर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में डीएड एवं बीएड अभ्यर्थी डटे हुए हैं। एक दिन पूर्व ही बड़ी संख्या में अपने लंबित मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने तूता के धरनास्थल से मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने रैली निकाली, जिसे पुलिस प्रशासन ने रेलवे ब्रिज के पास बैरिकेड्स लगाकर रोक दिया। इस दौरान सड़क पर जमकर नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन देखने को मिला।






### वन विभाग के दैवेभो कर्मी की तबीयत बिगड़ी, बालोद भेजा

9 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे प्रदेशभर के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी डेढ़ माह से तूता में प्रदर्शन कर रहे हैं। रविवार को धरने पर बैठे काष्ठागार बालोद के कर्मचारी युकेश चंदेल की तबीयत खराब हो गई, जिसे उपचार के लिए बालोद भेजा गया। बालोद में उपचार के बाद हालत बिगड़ने उसे धमतरी रेफर कर दिया गया। नियमितीकरण की मांग कर रहे एक दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी को सांप डसने की घटना के बाद धरनास्थल पर एक और सांप घुस गया था। करैत सांप की जद में आने से एक कर्मचारी बाल-बाल बच गया। दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारियों का कहना है, जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। रविवार को बड़ी संख्या में हड़ताली कर्मचारी अपने हक की आवाज बुलंद करने जुटे।

## दिवाली पहाट के लिए प्रतिभागियों का ऑडिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- कार्यक्रम में बतौर गायक एवं उनके संगतकार मंडल के आजीवन सभासद और उनके परिजन ले रहे भाग

दीपावली लक्ष्मी पूजन के एक दिन पहले 31 अक्टूबर को महाराष्ट्र मंडल में दिवाली पहाट के लिए रविवार को महाराष्ट्र मंडल में कई प्रतिभागियों ने ऑडिशन दिया। कार्यक्रम के प्रभारी परितोष डोनगांवकर ने बताया कि इस कार्यक्रम में बतौर गायक एवं उनके संगतकार मंडल के आजीवन सभासद और उनके परिजन भाग ले रहे हैं।

रविवार को हुए ऑडिशन में इन्हीं प्रतिभागियों के चयन के लिए विशेष रूप से गुरु चंद्रशेखर सुरावधनीवार उपस्थित थे। प्रतिभागियों ने भक्तिमय और शास्त्रीय शैली में अपने-अपने गायन, सुगम संगीत के साथ प्रस्तुत किए। आडिशन देने वालों में निखिल मुकादम, धनश्री पेडसे, वेदांती कामड़े, दीप गुंडेगांवकर, सोनाली ढोक, अंजलि कान्हें, हेमंत मार्डीकर, अभिषेक बक्षी, सुमिता रायजादा आदि शामिल रहे। श्री डोनगांवकर के मुताबिक, अब आयोजन को लेकर प्रतिभागियों के साथ नियमित अभ्यास किया जाएगा। दिवाली पहाट 31 अक्टूबर को सुबह 6.30 महाराष्ट्र मंडल में आयोजित किया जाएगा।



## जोन स्तरीय समीक्षा बैठक में विभिन्न विषयों पर गई चर्चा



**गुण्डरदेही।** सोमवार को जोन स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भाठागांव आर में किया गया। बैठक में 7 संकुल अचौद, राहुद गोरकापार, भाठागांव आर, तवेरा, मोखा व डोंगीतराई से 32 शाला के 39 शिक्षक व संकुल समन्वयक उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में डीआर भूषण साहू, ब्लॉक नोडल सनत वर्मा, श्रवण पाण्डे द्वारा महत्तवपूर्ण विषय जैसे पाठ्यपुस्तक, अभ्यास पुस्तिका एवं शिक्षक संदर्शिका के उपयोग पर चर्चा, कक्षा में प्रिंट रीच वातावरण, मुस्कान पुस्तकालय पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित शिक्षकों ने अपनी कक्षा शिक्षण के अनुभव साझा किए। शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विभिन्न समस्याएं बताई। प्रमुख समस्याओं में अनुपस्थित बच्चों के साथ अभ्यास पुस्तिका पर कैसे कार्य करें, आकलन में बच्चों को नंबर कैसे दें एवं उन्हें समूह एक एवं दो में कैसे बांटें। इसके साथ ही उपचारात्मक शिक्षण में अभ्यास पुस्तिका पर चर्चा की। इन सभी विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उक्त बैठक में बीआरसी किशोर कुमार साहू ने उद्देश्यों व उनके महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।

## अमर शहीद गोंड राजा शंकर शाह व कुंवर रघुनाथ शाह की मूर्ति का हुआ अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- मध्य प्रदेश के सिवनी में आयोजित कार्यक्रम में युवराज लाल निवेंद्र सिंह टेकाम हुए शामिल

मध्य प्रदेश में गोंडवाना महासभा का कार्यक्रम 18 सितंबर को रखा गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डौंडीलोहारा के कुंवर लाल निवेंद्र सिंह टेकाम थे। मध्य प्रदेश के सिवनी जिला अंतर्गत सरेखा कला उगली में अमर शहीद गोंड राजा शंकर शाह एवं कुंवर रघुनाथ शाह की मूर्ति का अनावरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री टेकाम ने समाज के लोगों को संगठित रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही समाज के अमर शहीदों को पुण्य स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अमर शहीद गोंड महाराजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह का 167वां बलिदान दिवस मनाया गया। इस मौके पर दोनों की प्रतिमाओं का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलश यात्रा निकालकर ग्राम भ्रमण करने के बाद देवी देवताओं का पूजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक रजनीश हरवंश सिंह, विधायक बरघाट कमल मार्शकोले पूर्व विधायक शशि ठाकुर एवं अनेक जनप्रतिनिधि तथा अन्य प्रदेश के राज घराने के लोग उपस्थित थे।



## पार्टी को नए सिरे से खड़ा कर विपक्ष की भूमिका निभाएं जोगी कांग्रेसी




**रायपुर।** जेसीसीजे की नई कार्यकारिणी की बैठक में प्रदेशभर से नवनियुक्त कार्यकारिणी के प्रमुख पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष शामिल हुए तथा पार्टी को नए सिरे से खड़ा कर मजबूती के साथ प्रदेश में विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए मंथन किया गया। सिविल लाइंस स्थित जोगी निवास में हुई बैठक में पार्टी अध्यक्ष अमित जोगी ने अजीत जोगी युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यालय का लोकार्पण किया। उन्होंने इस दौरान कहा, छत्तीसगढ़ प्रथम सिद्धांत पर आधारित हमारी पार्टी के पदाधिकारी अब कमर कस लें, जनता की आवाज को बुलंद करें, उनके हक और अधिकार की लड़ाई लड़ें। जोगी कांग्रेस एक बार फिर से नए तेवर और नए कलेवर के साथ तैयार हैं, जो राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी के अधूरे सपने को पूरा करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने मोर्चा संगठन के प्रदेश अध्यक्षों को उनके पद की शपथ दिलाते हुए कहा, छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत बनकर काम करें जोगी कांग्रेसी।

## पेज 9 के शेष

### दो माह से नहीं मिली राशि...

है कि लगभग तीन माह का मानदेय उन्हें नहीं मिला है, जिसके कारण समूह के लोग कर्ज लेकर स्कूलों में राशन सामग्री पहुंचा रहे हैं। लेकिन आखिर कब तक कर्ज से लदे रहेंगे। ऐसी स्थिति में जिले के तमाम शासकीय स्कूलों में मध्यान्ह भोजन संचालन करने वाले समूह ने राशन सामग्री पहुंचाना बंद कर दिया है। यही कारण है स्कूलों में बच्चों को सोमवार को मध्यान्ह भोजन नहीं मिल पाया। इसके परिणामस्वरूप बच्चे अपने घर से टिफिन लेकर स्कूल पहुंचे। मध्यान्ह भोजन संचालन करने वालों का कहना है कि जब तक राशि नहीं मिलेगी, तब तक स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बंद रहेगा। इधर विभागीय अधिकारियों का कहना है कि शासन स्तर से ही मानदेय नहीं मिला है और यह स्थिति प्रदेश भर के लगभग सभी जिलों में है। विभागीय अधिकारियों का कहना है, शासन स्तर से राशि आएगी तब इन्हें भुगतान हो पाएगा।

### ये कैसा मातृ-शिशु ...

बात पर समझौता कर रहे थे, लेकिन स्त्रीरोग विशेषज्ञ को उनके मनमुताबिक तीन लाख रुपए वेतन ही चाहिए था। ऐसे में स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉक्टर और अस्पताल प्रबंधन के बीच समझौता नहीं हो पाया, जिसके कारण स्त्रीरोग विशेषज्ञ ज्वाइनिंग लेने से पहले ही चली गई।

### गंभीर समस्या को लेकर ...

मजबूर हैं, इससे निम्न और मध्यमवर्गीय परिवार को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस गम्भीर समस्या के मामले को हरिभूमि ने लगातार उठाया है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### छात्रों में सामाजिक चेतना जगाता है एनएसएस



**डौंडीलोहारा।** राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवक धनेश साहू ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस पर कहा है कि, यह संगठन राष्ट्र जागरूकता करने के साथ यह लोकतांत्रिक जीवन का सार व्यक्त करता है। यह निःस्वार्थ सेवा की आवश्यकता को बनाए रखता है तथा दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण की सराहना करता है और साथी मनुष्यों के प्रति भी विचारशीलता दिखाता है। यह इस तथ्य को रेखांकित करता है कि किसी व्यक्ति का कल्याण अंततः पूरे समाज के कल्याण पर निर्भर करता है। धनेश साहू ने बताया कि एनएसएस अपने दैनिक कार्यक्रमों में 'सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व के विकास' के अपने आदर्श वाक्य को प्रदर्शित करता है। यह रचनात्मक सामाजिक गतिविधियों, राष्ट्रीय एकीकरण, सामुदायिक जीवन, निरक्षरता उन्मूलन, स्वच्छता की स्थिति में सुधार के संबंध में छात्रों में सामाजिक चेतना जगाता है।

### पीएमश्री शालाओं में अंशकालीन योगा व खेल प्रशिक्षकों की ली जाएंगी सेवाएं

**बालोद।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार पीएमश्री योजना के अंतर्गत बालोद जिले की चयनित 08 पीएमश्री शालाओं में अंशकालीन योगा प्रशिक्षक, खेल शिक्षकों की सेवाएं ली जाएंगी। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इन सभी चयनित अंशकालीन योगा प्रशिक्षक, खेल शिक्षकों की सेवाएं जिले के पीएमश्री शालाओं के संचालन के लिए गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से 31 मार्च 2025 तक ली जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला जगतरा एवं शासकीय प्राथमिक शाला शिकारीपारा बालोद एवं डौण्डी विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला आडेझर, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला संबलपुर एवं शासकीय प्राथमिक शाला डौण्डीलोहारा, गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला गुण्डरदेही, शासकीय प्राथमिक शाला सिरसिदा तथा गुरूर विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला भिरई में 01–01 पदों पर खेल शिक्षक एवं योगा प्रशिक्षक की सेवाएं ली जाएगी।

### बिजली नगर में 12 अक्टूबर को जलेगा रावण

**भिलाई।** सार्वजनिक विजयदशमी उत्सव समिति बिजली नगर मैदान भिलाई तीन की बैठक संपन्न हुई। जिसमें 12 अक्टूबर को दशहरा उत्सव आयोजन को लेकर चर्चा हुआ। इसमें आयोजन को भव्य रूप देने के साथ ही प्रसिद्ध आतिशबाजी, भव्य रामलीला मंचन, दर्शनार्थियों के लिए बेहतर व्यवस्था मनोरंजन के अन्य साधनों पर विशेष चर्चा की गई। समिति के सतीश धुरंधर ने बताया कि बैठक में यह भी टैग किया गया कि काकीनाडा की आकर्षक आतिशबाजी के साथ आयोजन का शुभारंभ होगा। आतिशबाजी रावण के पुतला दहन तक जारी रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व सीएम भूपेश बघेल होंगे। बैठक में महापौर निर्मल कोसरे, सुजीत बघेल, सतीश धुरंधर, उमेश वर्मा, रवि तिवारी, इंद्रजीत मौजूद थे।

## डौंडीलोहारा में आयोजित कार्यक्रम में जिपं सीईओ डॉ. कन्नौजे ने किया सम्मान

# उत्कृष्ट कार्य के लिए सरपंच-सचिव सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा में आयोजित समारोह में डौण्डीलोहारा विकासखण्ड की विभिन्न ग्राम पंचायतों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंच व सचिवों को सम्मानित कर उन्हें पंचायती राज अधिनियम के अंतर्गत उनके अधिकारों एवं शक्तियों की जानकारी दी।

■ स्वच्छता संबंधी कार्यों को शत प्रतिशत पूरा करने दिलाई शपथ

इस अवसर पर डॉ. कन्नौजे ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड अंतर्गत पंचायतीराज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंच, सचिव एवं अन्य स्टाफ के अंतर्गत हिरई बाई ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत अण्डी, अर्जुन सिंह ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत संजारी, धनेश्वरी देहारी, सरपंच ग्राम पंचायत महराजपुर, संतराम तारम, सरपंच ग्राम पंचायत नाहंदा, किरण लोन्हारे, सरपंच ग्राम पंचायत फरदफोड़, देवदास साहू, ग्राम पंचायत कोटेरा, पोषण देवांगन, ग्राम पंचायत पसोद, दुर्गेश रामटेके, सरपंच ग्राम पंचायत रानीतराई (रोड), तेजेश्नी दुग्गा, सरपंच ग्राम पंचायत जाटादाह, विजय कुमार कुंजाम, सरपंच ग्राम पंचायत गिधवा, आशादेवी टेकाम, सरपंच ग्राम पंचायत चिखली, नरेन्द्र सिंह वर्मा, सरपंच ग्राम पंचायत झिटिया, उत्तम साहू, सरपंच ग्राम पंचायत टटेंगा, यामिनी कोठारी, सरपंच ग्राम पंचायत कोबा, अर्जुन सिंह, सरपंच ग्राम पंचायत बिजोरा, झुमुकलाल सरपंच ग्राम पंचायत दल्ली (कु.), हुमेश्वरी पिस्दा, सरपंच ग्राम पंचायत भवरमरा, यशवंत रावटे सरपंच ग्राम पचांयत जेवरतला, पार्वती नायक, सरपंच ग्राम पंचायत बुन्देली, गोविन्द साहू, सचिव ग्राम पंचायत कोरगुड़ा, महेन्द्र कुमार, सचिव ग्राम पंचायत फुलसुन्दरी, पद्मनी सचिव ग्राम पंचायत परसाडीह (सु), रूपा कझरे सचिव, ग्राम पंचायत कोसमी, राजेश्वरी पटेल सचिव, ग्राम पंचायत खपराभाट, सरोज सचिव, ग्राम पंचायत कोटेरा, चुनुराम सिन्हा, ग्राम पंचायत नहंदा, देवलाल मालेकर ग्राम पंचायत अण्डी, मेनन अटल ग्राम पंचायत संजारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने सभी सरपंच, सचिवों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. कन्नौजे ने स्वच्छता अभियान में महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित कर स्वच्छता संबंधी कार्यों को शत प्रतिशत पूरा करने की शपथ भी दिलाई।



### ग्राम पंचायतों की आय के स्रोत बढ़ाने को लेकर की गई चर्चा

इस दौरान डॉ. कन्नौजे ने प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ भारत मिशन के तहत डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य, स्वच्छता समूह के दीदियों को लखपति बनाने, स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गांवो को स्वच्छ, साफ–सुथरा करने के संबंध में समीक्षा करते हुए उन कार्यों में तेजी लाने निर्देश भी दिए। बैठक में 15वें वित्त की राशि से जेम पोर्टल में खरीदी करने व किये गये कार्यों की जियो टेग के लिए पोर्टल में एण्ट्री करने तथा अपने ग्राम पंचायतों की आय के स्रोत बढ़ाने के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। डॉ कन्नौजे ने सरपंच, सचिवों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि गांवों के सर्वांगीण विकास में सरपंच, सचिवों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसलिए आप सभी पंचायतीराज के तहत 29 प्रकार के सभी सेवाओं के कार्य का अपने ग्राम पंचायत में जानकारी देते हुए स्वच्छ व सुपोषित पंचायत की दिशा में निरंतर सक्रियता से कार्य करने को कहा। समारोह में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोशनी भगत टोप्पो सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

### ग्राम कुम्हिल में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**जामगांव आर।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत ग्राम कुम्हिल में शिव मंदिर परिसर एवं ग्राम के सार्वजनिक जगह पर सफाई की गई। इस दौरान महामंत्री तेजेंद्र पिपरिया, अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय नरेश केला, मंडल उपाध्यक्ष अंगेश्वर साहू, सांसद प्रतिनिधि मोगन सपहा, भाजपा कार्यकर्ता ढालसिंग साहू, महेतर यादव, भानु साहू, श्री नेताम सहित ग्रामीणों ने श्रमदान किया।

### सुखरी बालोद की टीम ने जीती कबड्डी



**जामगांव आर।** ग्राम नवागांव (ब) में एक दिवसीय रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग अशोक साहू थे, अध्यक्षता महामंत्री जिला कांग्रेस रूपेंद्र शुक्ला ने की। विशेष अतिथि सरपंच चंद्रभान साहू, युवा कांग्रेस अलीम खान, समाजसेवी रेवा मंडल, उपसरपंच युवराज साहू, नीलकंठ यादव, निखिल साहू उपस्थित थे। प्रतियोगिता में सुखरी(बालोद) की टीम चैंपियन रही, द्वितीय आमापेंडरी(दुर्ग), तृतीय नवागांव(ब), चतुर्थ लमकेनी (रायपुर) ने खिताब जीता। इस अवसर पर महेंद्र साहू, भीषण साहू, कार्तिक टंडन, जीवधन साहू, जीवन साहू, दयानंद साहू, खिलावन ठाकुर, पोषण साहू, ठामन साहू, मंच संचालक बिट्टू बनपेला सहित प्रतिभागी खिलाड़ी एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## नई राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद गैंदसिंह की प्रतिमा लगाएं : डॉ माहला



हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुसुमकसा

हल्बा समाज के केंद्रीय अध्यक्ष डॉक्टर देवेंद्र माहला और उनके प्रतिनिधित्व मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा कर समाज के नायक बस्तर संभाग के स्वतंत्रता सेनानी तथा छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद गेंद सिंह नायक के शहादत दिवस 20 जनवरी 2025 को 200 वर्ष पूर्ण होने पर नई राजधानी रायपुर में मूर्ति लगाने की मांग की। समाज के नेताओं ने कहा कि शहीद गेंदसिंह नायक की मूर्ति लगने से समाज और आम जनों को एक ऊर्जा और प्रेरणा मिलेगी। इसके साथ ही लोग छत्तीसगढ़ के इस महान वीर सपूत के इतिहास को जान सकेंगे, जो अपने क्षेत्र के जन समुदाय, समाज और कुटुंब के लिए हंसते-हंसते फांसी पर चढ़ गए। इस अवसर पर केन्द्रीय अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र माहला अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज गिरवर ठाकुर महामंत्री कमल कोसमा केन्द्रीय न्याय समिति अध्यक्ष भुजबल गौर कोष अध्यक्ष संभू ठाकुर सरंक्षक सचिव राम लाल नायक ब्लॉक अध्यक्ष खेरथा देवरी नरोत्तम रावते एवं प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे।

■ हल्बा समाज के केंद्रीय अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान किया आग्रह

## डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में लगीं 4000 स्वच्छाग्रही दीदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न विकासखंडों में स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत सोमवार को जिले के सभी विकासखंडों में ग्राम पंचायतों में स्वच्छता हेतु डोर–टू–डोर कचरा कलेक्शन में संलग्न लगभग 4005 स्वच्छाग्राही दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर अन्य योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इसके अंतर्गत सफाई सुरक्षा मित्र के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन योजना, आधार कार्ड संबंधित योजनाओं का पात्रतानुसार लाभ प्रदाय करने शिविर का आयोजन किया गया है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने डौण्डीलोहारा में आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का निरीक्षण कर स्वच्छता मित्र से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वच्छाग्राही स्वच्छ भारत मिशन की आत्मा है। कचरा प्रबंधन के कार्यों में विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट एकत्रीकरण स्वच्छाग्राहियों द्वारा किया जाता है। कचरा प्रबंधन के कार्यों में संक्रमण होने की संभावना रहती है। स्वच्छाग्राहियों की स्वास्थ्य जांच के लिए नियमित रूप से विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाए। इसके अलावा स्वच्छाग्राहियों का स्वच्छाग्राही ई–श्रमकार्ड निर्माण कर उन्हें सफाई कर्मकार मण्डल से जोड़ा जा सकता है। इसके अंतर्गत सफाई कर्मकार आवश्यक उपकरण सहायता योजना, सुरक्षा उपकरण हेतु प्रतिवर्ष 1000 रुपये, सफाई कर्मकार के 02 बच्चे हेतु प्रति बच्चा छात्रवृत्ति 1000 से 1500 रुपये वार्षिक तथा 02 लाख का जीवन बीमा आदि सुविधा का लाभ भी मिल सके।

### विधायक ललित से जिपं सदस्य पुष्पेंद्र ने की मुलाकात, दी बधाई



**बालोद/कलंगपुर।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक ललित चंद्राकर को छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बनाए जाने पर बालोद जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने विधायक ललित चंद्राकर के निवास पहुँचकर पुष्पगुच्छ भेंटकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उनके साथ अश्वनी चंद्राकर, कुंदन चंद्राकर, रोहित चंद्राकर, पवन चंद्राकर भी उपस्थित थे।

### सशिमं में लगी प्रौढ़ शाखा



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर गुरुर में रविवार प्रातः प्रौढ़ शाखा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आरएसएस, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल एवं मातृ शक्ति संगठन के सदस्य उपस्थित थे। इस दौरान नंद किशोर शर्मा ने कहा कि हिंदु का पैर कोई खींच रहा है, तो वह हिंदु ही है। उन्होंने कहा कि अगर 400 साल पहले भी एक हिंदु राजा दूसरे हिंदु राजा का साथ दिए होते तो मुगल शासक में ताकत नहीं थी, के हमें गुलाम बना कर रख सकते थे।

## पीएम आवास योजना से पूरा होने जा रहा है बनवासा के पक्के मकान का सपना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद



प्रधानमंत्री आवास योजना से लोगों के मकान तो बन ही रहे हैं, साथ ही इस योजना से लोगों के अधूरे सपने भी पूरे हो रहे हैं। ऐसा ही एक सपना बालोद जिले के ग्राम जगतरा की वृद्ध महिला बनवासा बाई ने देखा था। उसका अपना पक्का आवास निर्माण का सपना अब प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूरा होने जा रहा है। बनवासा बाई ने बताया कि वह अभी अपने कच्चे मकान में रहती है, जहां बारिश के दिनों में पानी भर जाता है। घर की दीवारों में पानी की वजह से सीड़ आती है, इससे घर की दीवारें काफी कमजोर हो चुकी हैं घर कभी भी ढह जायेगा, ऐसा डर बना रहता है। उन्होंने बताया कि घर की छत पर लगी खपरैल को हर साल ठीक कराना पड़ता है, फिर भी पानी टपकता है और घर में रखे सामान खराब हो जाते हैं। बनवासा बाई ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण अपने कच्चे आवास को पक्का तो नहीं बना पा रहे थे, लेकिन पक्का आवास बनाने का सपना जरूर देखा था।

■ ग्राम जगतरा निवासी बुजुर्ग महिला ने आवास को लेकर जताई प्रसन्नता

### मिल गई पहली किश्त की राशि

बनवासा बाई ने बड़े उत्साह के साथ कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयासों से उनका अधूरा सपना पूरा होने जा रहा है। उसने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास निर्माण की स्वीकृति मिली है, जिसके तहत उसके बैंक खाते में आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त की राशि 40 हजार रूपये आ चुकी है। अब वह अपने पक्का आवास निर्माण का कार्य शुरू करेगी और आवास पूर्ण होने पर बिना किसी समस्या के खुशी–खुशी रहेगी।

## एनएसएस के स्वयंसेवकों ने निकाली जागरुकता रैली



**गुरूर।** स्वर्गीय डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरूर की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा ग्राम दर्रा में एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 70 स्वयं सेवकों ने ग्राम में स्वच्छता, मतदाता, नारी शिक्षा, नशामुक्ति आदि के संबंध में जागरूकता रैली निकाली। उसके बाद परियोजना कार्य के तहत ग्राम की साफ-सफाई की। बौद्धिक परिचर्चा में अधिवक्ता धीरज उपाध्याय ने कानून के संबंध में जानकारी दी।

रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच लच्छूराम देशलहरे थे, अध्यक्षता महविद्यालय के प्राचार्य केएल रावटे ने की। विशेष अतिथि उपाध्यक्ष पारसनाथ महेन्द्र, सचिव रोशन लाल साहू, कोषाध्यक्ष राजू लाल साहू, संरक्षण ग्राम समिति ग्राम दर्रा किशन ध्रुव एवं पंच उपस्थित थे। ग्राम पंचायत एवं ग्राम समिति के सहयोग से आयोजित इस शिविर का मार्गदर्शन कार्यक्रम अधिकारी प्रो रोहित सोरी, सहायक कार्यक्रम अधिकारी मोहन साहू, सुमन साहू तथा शिविर नायक गजेंद्र कुमार एवं धारिणी के दिशा निर्देश में हुआ।

### सिरपुर (बगईकोन्हा) में शुरू हुई बाल संस्कार शाला



**डौंडीलोहारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान व गायत्री प्रज्ञापीठ डौंडीलोहारा के मार्गदर्शन में ग्राम सिरपुर (बगईकोन्हा) में बेटी दिवस पर बाल संस्कार शाला का शुभारंभ किया गया। आचार्य पीलू राम साहू ने बताया कि प्रत्येक रविवार को दो घंटे खेल-खेल में शिक्षा, जीवन जीने की कला के साथ ही स्वस्थ रहने की कला बताई जाएगी।

## पति को ताला से मारा

**भिलाई।** माता पिता से बच्चों को मिलवाने की बात को लेकर पत्नी ने अपने ही पति का सिर फोड़ने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने महिला के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि शांति नगर भिलाई तीन निवासी प्रेम प्रकाश मिश्रा ने शिकायत दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि गुरुवार दोपहर जब वह बच्चों को लेकर अपने मता-पिता से मिलने जाने की बात कर रहा थ। तभी पत्नी भानुप्रिया ने विवाद करना शुरु कर दिया। इसके बाद घर में रखा ताला उठाकर उसके सिर पर मार दिया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग – दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग – कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर – मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग – घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग – लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी–खांसी, स्वांस–दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

## प्रतिभा परिवार ने किया शिक्षकों का सम्मान



**अंडा।** शहीद दुर्वासा लाल निषाद शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, देवरी ख में प्रतिभा परिवार के सानिध्य में शिक्षक मिलन सह सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केके शुक्ला सह संचालक, नवीन कुमार यादव विकासखंड शिक्षा अधिकारी, डॉ. ललित साहू शिक्षाविद्, एनसीईआरटी रायपुर, श्रद्धा ठाकुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी और किशोर कुमार साहू विकासखंड स्रोत समन्वयक उपस्थित थे। कार्यक्रम में संकुल केन्द्र देवरी और परसदा के तीन शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जबकि 15 प्रधानपाठक और 45 शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। विशेष रूप से महेश चंद्राकर, रेखा देवांगन, लीना देवांगन, मंजू लता मिंज और अन्य शिक्षकों को सराहा गया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक शैलेंद्र कुमार पांडे, शिक्षक डेकेश्वर देशमुख, देवेंद्र देवांगन, हरिका साहू, शशि कला बंजारे, युगल किशोर देवांगन उपस्थित रहे। विकासखंड के अन्य स्कूलों से भी पांच शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

■ शहीद दुर्वासा लाल निषाद शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, देवरी ख में हुआ कार्यक्रम

कार्यक्रम में 70 शिक्षकों ने भाग लिया, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलों का आयोजन किया गया। प्रधान पाठक राजेश कुमार वर्मा ने स्वागत भाषण दिया, जबकि कार्यक्रम का संचालन संध्या साहू ने किया।



रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै- माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक
13 अक्टूबर 2024
17 दिसंबर 2024
21 दिसंबर 2024
19 जनवरी 2025
16 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com


रायपुर, बिलासपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
11 जनवरी से 18 जनवरी 2025 तक
10 मई से 16 मई 2025 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, श्री जगन्नाथ पुरी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411